GREENLAWNS HIGH SCHOOL
TERMINAL EXAMINATION YEAR 2019-20

SUBJECT : HINDI  CLASS : V
TIME : 2 HOURS  MARKS : 80

---

**सूचना** – भाग 'अ' तथा 'ब' के सभी प्रश्नों के उत्तर विद्यालय द्वारा दी गई उत्तर पुस्तिका में लिखिए। भाग 'स' तथा 'द' के उत्तर प्रश्नों के आगे दिए खाली स्थान पर लिखकर अपनी उत्तर पुस्तिका में जोड़ दीजिए।

## भाग –अ

प्रश्न १. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए। (१०)

१) स्वतंत्रता दिवस (१५ अगस्त)
२) समय का सदुपयोग
३) पेड़ हमारे मित्र
४) समाचार-पत्र का महत्त्व

प्रश्न २. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए। (७)

१) विदेश में रह रहे अपने मित्र को तमिलनाडु की भव्यता के विषय में बताते हुए पत्र लिखिए।

अथवा

२) शुल्क (फ़ीस) माफ़ी के लिए प्रधानाचार्य को पत्र।

प्रश्न ३. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (८)

एक राजा था। एक दिन वह अपने देश घूमने निकला। जब वह वापस आया तो उसके पैरों में तेज दर्द था। दरअसल रास्ते के नुकीले कंकड-पत्थर उसे चुभ गए थे। उसने तुरंत अपने मंत्रियो को बुलाकर मंत्रणा की और मार्ग में पड़े कंकड़-पत्थरों से बचने का उपाय पूछा। बहुत देर सोच-विचार करने के बाद राजा सारी धरती को चमड़े से मढ़ देने का आदेश दिया। राजा की बात सुनकर सारी सभा चुप हो गई। यह बहुत कठिन बल्कि असंभव काम था। फिर इस पर आनेवाले खर्चे की भी कोई सीमा नहीं थी। तभी एक बुद्धिमान मंत्री को एक उपाय सूझा। वह बोला-क्यों न महाराज के लिए चमड़े के टुकडे से पाँव ढकने के लिए कोई वस्तु तैयार कर दी जाए। इसमें खर्चा भी कम आएगा और कंकड़-पत्थरों से बचाव भी हो जाएगा। उपाय राजा को पसंद आया और तब बना जूता।

प्रश्न ३. प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (८)

१) राजा कहाँ घूमने निकला था? (१)
२) राजा के पैरो में क्या चुभ रहे थे? (१)
३) राजा को उपाय किसने सुझाया? (१)
४) चमड़े के टुकड़े से कौन-सी वस्तु तैयार की गई? (१)
५) असंभव काम क्या था? (१)
६) इस कहानी के लिए उचित शीर्षक लिखिए। (१)
७) राजा ने सोच-विचार के लिए किसे बुलाया और उनके क्या पूछा? (२)

## भाग - 'ब'

### पुस्तक – वटवृक्ष

प्रश्न ४. अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:- (१५)

१) तमिलनाडु के लोगों का मुख्य व्यवसाय क्या है ?

२) दोनों व्यक्तियों को पछतावा क्यों हो रहा था, और दोनो व्यक्तियों ने मिलकर क्या प्रण लिया ?

३) पिपीलिका कविता से आप क्या समझते हैं ?

४) "परंतु पक्के घड़े पर मिट्टी कब चढ़ सकती है ?" गाँधीजी ने ये शब्द किस संदर्भ में और क्यों कहे ?

५) लेखक को 'चोरवाड' क्यों अच्छा लगा ? 'डांडिया' और 'गरबा' के बारे में उन्होंने क्या बताया है ?

### पुस्तक - रंगमंच

प्रश्न ब) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:- (६)

१) क्रोध से बचने के लिए हमें क्या करना चाहिए ?

२) गोकुल अपने मित्र गोंविद के घर से नाराज होकर क्यों चला गया ? संक्षेप में लिखिए।

३) गोंविद और गोकुल में से आपको किसका चरित्र सबसे अच्छा लगा और क्यों ?

... 3/-

**सूचना – इस भाग के सभी प्रश्नों के उत्तर प्रश्न पत्र में ही लिखिए:-**

**भाग – स**

**नाम** ____________________ **कक्षा** __________ **रोल नं** ______

प्रश्न ५. दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए। (५)

१) तमिलनाडु की राजधानी कौन-सी है ?

______________________________

______________________________

२) राजा किसे इनाम देना चाहते थे ?

______________________________

______________________________

३) पिपीलिका कविता किस पर आधारित है ?

______________________________

______________________________

४) गाँधीजी के संस्कृत के मास्टर का क्या नाम था ?

______________________________

______________________________

५) भारत का प्रवेश-द्वार किसे कहा जाता है ?

______________________________

______________________________

प्रश्न ६. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए:- (२)

१) बचपन में पढ़े शुभ- अशुभ संस्कार बड़े ______________ हो जाते हैं।

२) ______________ शिक्षा का आवश्यक अंग है।

३) ______________ श्री कृष्ण के परम मित्र थे।

४) आज तक मैं ______________ का काफी भाग घूम चुका हूँ।

प्रश्न ७. निम्नलिखित वाक्य किसने-किससे कहे लिखिए:- (३)

१) "हमने राजा से इनाम माँगने में बहुत बड़ी भूल की।"

______________ ने ______________ से कहा

२) ''क्या आप लोग मुझे पानी व भोजन का प्रबंध करा सकते हो ?"

________________ ने ________________ से कहा

३) ''महाराज, आप मुझे एक बड़ा-सा बंगला और गाड़ी दे सकते हैं ?"

________________ ने ________________ से कहा

प्रश्न ८. निम्नलिखित वाक्य सही है, या गलत लिखिए:- (२)

१) तमिलनाडु का मुख्य भोजन दाल है। ________________

२) गिरिनार पर्वत की चढ़ाई साढ़े तीन हजार फीट है। ________________

३) मेहुल की आयु दस वर्ष है। ________________

४) लेख सुधारने के लिए लेखन कला आवश्यक नही है। ________________

प्रश्न ९. निम्नलिखित पंक्तियाँ पूर्ण कीजिए। (४)

वह है ________________

________________

________________

________________ अविरत।

प्रश्न १०. दिए गए शब्दों के अर्थ लिखिए। (२)

१) अरि - ________________ ३) आश्चर्य - ________________

२) विचरण - ________________ ४) उत्पादक - ________________

**भाग -'द' (व्याकरण)**

प्रश्न १. दिए गए शब्दों से भाववाचक संज्ञाएँ बनाइए। (२)

१) शत्रु - ________________ २) उदार - ________________

३)युवक - ________________ ४) अपना - ________________

प्रश्न २. निम्नलिखित शब्दों ~~में से किसी एक शब्द~~ के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए:- (२)

१) अंधकार - ________________ ________________

२) गंगा - ________________ ________________

प्रश्न ३. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए:- (२)

१) आलस्य - ______ २) आकाश - ______

३) संक्षिप्त - ______ ४) उपकार - ______

प्रश्न ४. निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलिए। (१)

१) दरज़ी- ______ २) प्रचारक - ______

प्रश्न ५. निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलिए। (१)

१) छाता - ______ २) मक्खियाँ - ______

प्रश्न ६. निम्नलिखित वाक्य में से सर्वनाम छाँटकर उनके भेद लिखिए:- (१)

१) जो काम करेगा, वही फल पायेगा।

______

प्रश्न ७. निम्नलिखित वाक्यों में से क्रिया पहचानकर उनके भेद लिखिए:- (१)

१) रमा सो रही है। ______

२) राम ने रोटी खाई ______

प्रश्न ८. उचित कारक-चिह्नों द्वारा खाली स्थान भरिए। (१)

१) सेब भेज ______ रखे हैं।

२) सविता ______ बिल्ली नटखट है।

प्रश्न ९. १) 'भर' उपसर्ग जोड़कर दो शब्द बनाइए। (१)

१) ______ २) ______

२) 'वान' प्रत्यय जोड़कर दो शब्द बनाइए। (१)

१) ______ २) ______

प्रश्न १०. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए:- (१)

१) जो देखने योग्य हो ______

२) जिसकी कोई उपमा न हो ______

प्रश्न ११. निम्नलिखित मुहावरो का अर्थ लिखिए:- (२)

१) गले का हार ______

२) घास खोदना ______